# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

## प्रेस विज्ञप्ति

**विभिन्न विमान दिक्चालन सेवा प्रदाताओं एवं विमानपत्तन सेवा प्रदाताओं के लिए व्यापक इ. बिलिंग समाधान हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा आई ए टी ए के साथ समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यु.) पर हस्ताक्षर ।**

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल, 2016** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा), विमान दिक्चालन सेवा प्रदाता, सर्वाधिक विमानपत्तन प्रचालन एवं अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आई ए टी ए) ने डाटा एकत्र करने, ई. ई-वाइसिंग तथा एयरलाइनों से टैरिफ शुल्क वसूलने के लिए इ.बिलिंग समाधान उपलब्ध कराने के लिए आपस में हाथ मिलाया है।

हाल ही में भा.वि.प्रा. एवं आइ ए टी ए की रणनीतिक स्तर की बैठक के दौरान श्री मैनफ्रेड ब्लोंडील, निदेशक, आई ए टी ए, इन्हांसमेंट एवं वित्तीय सेवाएँ तथा श्री अनिल गुप्ता, महाप्रबंधक-(व्यवसाय विकास) भाविप्रा द्वारा श्री एस. सुरेश, सदस्य (वित्त) भाविप्रा एवं श्री राजेश भंडारी, कार्यपालक निदेशक (वित्त), भाविप्रा की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री एस. सुरेश, सदस्य (वित्त) ने कहा कि भाविप्रा एवं आई ए टी ए के बीच इन्वाइसिंग एवं क्लेक्शन का एक दशक से भी ज्यादा पुराना संबंध है। इस अवधि के दौरान सिस्टम को इस प्रकार से बढ़ाया गया है कि यह इतना संतुलित एवं विशिष्ट हो चुका है कि वर्तमान में एक ही सिस्टम में डाटा एकत्र करने, इन्वाइसिंग एवं क्लेक्शन के लिए, इसके जैसा अन्य कोई व्यापक इ.बिलिंग सिस्टम मौजूद नहीं है। श्री मैनफ्रेड ब्लोंडील, निदेशक, इ एंड एफ सर्विस, आई ए टी ए ने भी यह कहा कि डाटा एकत्र करने में भाविप्रा की विशेषज्ञता तथा बी एस पी एवं आई सी एच के माध्यम से इन्वाइसों के संग्रहण में आई ए टी ए की विशेषज्ञता को देखते हुए आई ए टी ए एवं भाविप्रा के बीच का सहयोग वैश्विक विमानन जगत के लिए एक मील का पत्थर होगा जिसके पास अब एक जाँचा-परखा एवं प्रभावी व्यापक व्यवसाय समाधान मौजूद होगा।

---

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,
सं. 05/2016-17




श्री मैनफ्रेड ब्लोंडील, निदेशक आई ए टी ए एवं श्री अनिल गुप्ता, महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास) भाविप्रा श्री एस. सुरेश, सदस्य (वित्त) (मध्य में) की उपस्थिति में विभिन्न वायु दिक्चालन सेवा प्रदाताओं एवं विमानपत्तन सेवा प्रदाताओं के लिए व्यापक इ.बिलिंग समाधान हेतु समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान करते हुए। चित्र में श्री राजेश भंडारी, कार्यापालक निदेशक (वित्त), भाविप्रा (दाएँ से दूसरे) भी दिख रहे हैं।

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**नई दिल्ली, 5 अप्रैल, 2016**

**विषयः भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम केन्द्रीय की श्रेणी में "अवसंरचना विकास में उत्कृष्टता" का "इंडिया प्राइड अवार्ड" 2015-16 जीता।**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा), जो भारत के सतत विकास हेतु निरंतर कार्यरत संगठन है और देश भर के हवाई अड्डों पर अत्याधुनिक अवसंरचना, यात्री सुविधाएं और विमान दिक्चालन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जाना जाता है, ने सार्वजानिक क्षेत्र उपक्रम-केन्द्रीय की श्रेणी में "अवसंरचना विकास में उत्कृष्टता" का दैनिक भास्कर "इंडिया प्राइड अवार्ड-2015-16" जीता, जिसमें भारत के सभी प्रमुख उपक्रमों ने भाग लिया।

पुरस्कार समारोह 4 अप्रैल, 2016 को ताज होटल, मानसिंह रोड़, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि श्री एम. वेंकैया नायडू, माननीय केन्द्रीय शहरी विकास, आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन तथा संसदीय कार्य मंत्री, श्री रविशंकर प्रसाद, माननीय केन्द्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री तथा श्री राधामोहन सिंह, माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री ने सम्मानित किया और बधाई दी।

पुरस्कार श्री एस. रहेजा, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने श्री एन.वेंकैया नायडू, माननीय केन्द्रीय शहरी विकास, आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन तथा संसदीय कार्य मंत्री से ग्रहण किया।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,
सं. 02/2016-17

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल, 2016**

**विषय:- केन्द्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री ने 2 से 5 मिलीयन यात्री प्रतिवर्ष में विश्व के 05 सर्वश्रेष्ठ हवाईअड्डों में से 04 हवाईअड्डे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के होने पर प्रशंसा की ।**

देश के सभी हवाईअड्डों पर अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं तथा विमान दिक्चालन सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य करने वाले भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने 1 अप्रैल 2016 को सिरी फोर्ट ऑडीटोरियम में अपनी 21वीं वर्षगांठ मनाई । डॉ. महेश शर्मा, माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री इस समारोह में मुख्य अतिथि तथा श्री आर. एन. चौबे, सचिव (नागर विमानन) सम्मानित अतिथि थे ।

सांस्कृतिक कार्यक्रम आरंभ होने से पहले विभिन्न क्षेत्रों में उनके प्रशंसनीय योगदान हेतु भाविप्रा के उपलब्धि प्राप्त कार्मिकों का सम्मान किया गया । एयरपोर्टस काउंसिल इंटरनेशनल की सर्वोत्तम ए एस क्यू रेटिंग प्राप्त करने वाले जयपुर, लखनऊ, गोवा, त्रिवेन्द्रम तथा श्रीनगर के विमानपत्तन निदेशकों को ये अवार्ड माननीय मंत्री द्वारा अन्य सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में दिए गए ।

भाविप्रा के 21वें वार्षिक दिवस समारोह के अवसर पर बोलते हुए माननीय राज्य मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्षों की अभूतपूर्व वृद्धि को देखते हुए भारतीय विमानन सेक्टर 2020 तक अपनी वैश्विक रैंकिंग सुधार कर 9 से 3 पर पहुँचने हेतु तैयार है । हवाईअड्डा अवसंरचना, विमान दिक्चालन सेवाएं, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व इत्यादि के क्षेत्र में हाल के वर्षों में प्रशंसनीय उपलब्धियॉं प्राप्त करने हेतु उन्होंने संपूर्ण भाविप्रा परिवार को शुभकामनाएँ दी ।

इस अवसर पर बोलते हुए सचिव (ना.वि.) श्री आर. एन. चौबे, ने नागर विमानन क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा तय किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु भाविप्रा द्वारा उपलब्ध करवाई गई सेवाओं में अपना विश्वास जाहिर किया । पिछले एक वर्ष के दौरान भाविप्रा की उपलब्धियों हेतु उन्होंने संपूर्ण भाविप्रा परिवार को शुभकामनाएं दी तथा एकत्रित सम्मानित सभा को बताया कि अपने हवाईअड्डों पर सेवाओं तथा यात्री सुविधाओं को उन्नत करने में भाविप्रा के लगातार प्रयासों के कारण भाविप्रा को विश्व के सर्वोत्तम सेवा प्रदाताओं में स्थान मिला है ।

इस अवसर पर बोलते हुए अध्यक्ष, भाविप्रा श्री सुधीर रहेजा ने एक वर्ष के दौरान भाविप्रा द्वारा अर्जित अनेक उपलब्धियों तथा सम्मानों के बारे में बताया तथा देश में हवाईअड्डा अवसंरचना के विकास के बारे में सूचित किया तथा बताया कि भाविप्रा को यह कहने में गौरव की अनूभूति हो रही है कि 02 प्रमुख हवाईअड्डा विकास परियोजनाएं जैसे चंडीगढ तथा तिरूपति हवाईअड्डे को माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार ने राष्ट्र को समर्पित किया । इसके अतिरिक्त कडप्पा तथा खजुराहो पर हवाई अड्डा

विकास परियोजनाओं को पिछले वर्ष माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री अशोक गजपति राजू जी ने राष्ट्र को समर्पित किया । उन्होंने आगे आश्वस्त किया कि भाविप्रा ने गैर-यातायात राजस्व अर्जित करने, मार्केटिंग रणनीति, देश के कोने-कोने में हवाईअड्डा अवसंरचना उपलब्ध कराने, मानव संसाधनों को प्रशिक्षित व पुन: प्रशिक्षित करने, उन्हें चुनौतियां स्वीकार करने हेतु सक्षम बनाने, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वाहन करने तथा सबसे ऊपर नागर विमानन मंत्रालय की नागर विमानन नीति 2015 की एक महत्वपूर्ण विशेषता क्षेत्रीय संपर्कता योजना को बढ़ावा देने हेतु रोडमैप तैयार किया है । ।

वर्षगांठ समारोह का समापन मनोरंजक संगीतमय शाम ''स्वर संध्या'' के साथ सम्पन्न हुई जिसे प्रसिद्ध कलाकारों रेखा भारद्वाज एवं सुगंधा मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा उनकी इस प्रस्तुति से दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए ।

..........................................................................................................................जनस

म्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:

महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787

सं. 1/2016-17

**चित्र**

एफ ए एस टी द्वारा नई दिल्ली में आयोजित ''मेक इन इंडिया संगोष्ठी- नागर विमानन क्षेत्र में चुनौतियाँ तथा अवसर'' के उद्घाटन के अवसर पर श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री तथा डॉ. महेश शर्मा, माननीय केन्द्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया । इस अवसर पर ले. जनरल के. एम. सेठ, अध्यक्ष, एफ ए एस टी, श्री वी.पी. अग्रवाल, उपाध्यक्ष, श्री बी.पी. शर्मा, सीएमडी पवन हंस लि. तथा श्री गुरचरण भतुरा, महानिदेशक एफ ए एस टी भी उपस्थित थे।

# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
## प्रेस विज्ञप्ति

**विषय:- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ ने मनाई भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयन्ती ।**

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल, 2016**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ ने भाविप्रा की आवासीय कालोनी, आई.एन.ए. नई दिल्ली में भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयन्ती बड़े ही धूम-धाम एवं उत्साहपूर्वक मनाई । डॉ. महेश शर्मा, माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री तथा पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर से जुड़े 05 स्थानों अर्थात् पंचतीर्थ स्थल को विकसित करने की भारत सरकार की योजना की सराहना की । डॉ. उदित राज, माननीय सांसद (लोकसभा), जिन्हें संघ का मुख्य संरक्षक घोषित किया गया है, भी इस अवसर पर वहाँ उपस्थित थे । श्री सुधीर रहेजा, अध्यक्ष, भाविप्रा ने भी बाबा साहेब द्वारा राष्ट्र को दिए गए योगदान को नमन करते हुए यह वादा किया कि संघ को उनका सतत सहयोग मिलता रहेगा । श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), भाविप्रा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे ।

........................................................................................................................जनस
म्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें:

महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787

सं. 3/2016-17

## चित्र

भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयन्ती के अवसर पर भाविप्रा की आवासीय कालोनी, आई.एन.ए. नई दिल्ली स्थित आवासीय कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर मंचासीन डॉ. महेश शर्मा, माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री तथा पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. उदित राज, माननीय सांसद (लोकसभा), श्री सुधीर रहेजा, अध्यक्ष, भाविप्रा एवं श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), भाविप्रा ।